तापमान

अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 25 मार्च 2024 कैथल



12 अव्वल रहा सरस्वती पब्लिक स्कूल रोहेडा का परीक्षा परिणाम





12 दुसेरपुर के ग्रामीणों को 170 सालों से होली मनाने को योग का इंतजार




## खबर संक्षेप

### वाहन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव गुलकनी के निकट अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उचाना कलां निवासी जसबीर अपनी रिश्तेदारी में गांव जलालपुरा आया हुआ था। जो गत दिवस शाम को गांव जलालपुरा कलां से कहीं चला गया। जो ना तो घर पहुंचा और ना ही गांव वापस लौटा। रात को जसबीर गांव गुलकनी के निकट किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** चीका पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। वकील कॉलोनी चीका के शिवम शर्मा ने चीका पुलिस को देश का एक में आरोप लगाया है कि 22 मार्च को चोर उसकी दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे तथा वहां पर रखा हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 18000 रुपए बताई गई है। जांच अधिकारी चीका थाना पुलिस के इंस्पेक्टर बलवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हमला कर युवक को घायल किया

**जींद।** राजकीय पीजी कॉलेज में पढ़ाई करने वाले युवक को डीआरडीए मार्केट में ले जाकर लाठीए डंडे व तेजधार हथियार से वार कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में किनाना निवासी राहुल ने बताया कि वह पीजी कॉलेज में पढ़ाई करता है। उसको बराड़खेड़ा निवासी शिव कॉलेज से बाहर डीआरडीए की मार्केट में साजिशन ले गया।

### धमकी देने के आरोप में एक नामजद

**कैथल।** चीका पुलिस ने आपत्तिजनक वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर दो युवतियों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में एक गांव के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव बाओपुर के वीरू शर्मा ने उसकी लड़की व भतीजी को आपत्तिजनक वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया।

### दो स्थानों पर टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने दो स्थानों पर ताले तोड़ कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दरौलीखेड़ा निवासी नीरज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिन के समय पड़ रही गर्मी तो रात के समय पारा रह रहा नीचे

# मौसम में बदलाव से बीमारियों की चपेट में आ रहे नगरवासी

### अस्पताल में खांसी, जुखाम व बुखार के बढ़ने लगे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम में लगातार उतार चढ़ाव का असर अब मानव शरीर पर होने लगा है। इस समय दिन के समय तापमान 32 डिग्री तक रह रहा जबकि शाम होते ही न्यूतम तापमान 15 डिग्री रह रहा है। जिससे दिन के समय गर्मी तो रात के समय ठंड का अहसास हो रहा है। इस बदलते मौसम में वायरल, सर्दी, जुखाम, खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी की शिकायत है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन द्वारा भी संदिग्ध मरीजों के टैस्ट करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की अच्छी-खासी संख्या है। इस समय मौसम ऐसा बना हुआ है कि दिन के समय तो लोगों को तेज गर्मी महसूस हो रही है और रात के समय ठंडी हवा बहने के कारण लोग ठंडक भी कर रहे हैं और लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। जिसके चलते लोगों के शरीर में दर्द के साथ सर्दी, जुखाम, तेज बुखार, गले में खराश और दर्द, सिर दर्द, खांसी, उल्टी, एलर्जी की शिकायत लेकर निजी तथा नागरिक



**जींद।** नागरिक अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए लाइन में लगे लोग।

**ये है पिछले एक सप्ताह का अधिकतम व न्यूनतम तापमान**

| तिथि | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 24 मार्च | 29 डिग्री | 17 डिग्री सेल्सियस |
| 23 मार्च | 33 डिग्री | 18 डिग्री |
| 22 मार्च | 32 डिग्री | 17 डिग्री |
| 21 मार्च | 29 डिग्री | 17 डिग्री |
| 20 मार्च | 33 डिग्री | 15 डिग्री |
| 19 मार्च | 30 डिग्री | 14 डिग्री |
| 18 मार्च | 29 डिग्री | 13 डिग्री |
| 17 मार्च | 28 डिग्री | 12 डिग्री |

अस्पताल में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन एक हजार से अधिक ओपीडी पर्ची बनाई जाती हैं। इनमें से लगभग 250 मरीज ऐसे होते हैं जो वायरल, सर्दी, खांसी, जुखाम व एलर्जी से संबंधित बीमारी बता कर ओपीडी पर्ची बनवाते हैं। दिन की तेज गर्मी के कारण लोग कई बार ठंडी चीजों का सेवन कर रहे हैं वहीं रात को तापमान में ठंडक होने के चलते लोग गरम चीजों का सेवन कर लेते हैं। जिससे शरीर की तासीर बिगड रही है।

#### वायरल का कारण : डा. राजेश

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि बदलता मौसम वारयल फीवर का कारण बना हुआ है। इस मौसम में लोगों को उल्टी, दस्त, एलर्जी, बुखार, खांसी, जुखाम, बदन दर्द, गला दर्द जैसी कई समस्याएं होती हैं। इस समय जो वायरल फीवर है वो हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है, जिसकी वजह से शरीर में इंफेक्शन बहुत तेजी से बढ़ता है। ऐसे में हमे विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। वायरल होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में जाने से बचना चाहिए, खाना खाने से पहले अपने हाथ अवश्य धोने चाहिए। जितना संभव हो सके, घर का बना खाना खाना चाहिए। उबला हुआ या साफ पानी पीना चाहिए।

#### वायरल बुखार के लक्षण

नागरिक अस्पताल के एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि वायरल बुखार के मुख्य लक्षण शरीर गरम होना, दस्त लगना, त्वचा पर लाल रेशे, गले में खराश और कंपकपी, खांसी, जुखाम, तेज बुखार, थकान, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों व बदन में दर्द, सिर और गले में दर्द, आंखें लाल होना आदि हैं। इसके अलावा 100 डिग्री सेल्सियस से अधिक बुखार आना, पेट दर्द, सिर दर्द, भूख कम लगना, थकान लगना, सांस लेने में कठिनाई होना मुख्य लक्षण हैं। ऐसे में तुरंत प्रभाव से चिकित्सक की सलाह लेकर दवा लेनी चाहिए। बच्चों तथा वृद्धों के स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**संदिग्धों के करवाए जा रहे टेस्ट :** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में हर दूसरा मरीज वायरल से पीड़ित पहुंच रहा है। बाकायदा नागरिक अस्पताल में वायरल पीड़ित लोगों का टैस्ट भी करवाए जा रहे हैं और इसे लेकर उचित उपचार तथा बचाव की जानकारी भी दी जा रही है। वायरल की चपेट में बच्चे-बुजुर्ग ज्यादा आ रहे हैं।



**कलायत।** फ्लैग मार्च निकालते सुरक्षा बल। *फोटो :हरिभूमि*

## कलायत में पुलिस, आरएएफ व सीआरपीएफ ने किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नागरिकों को कड़े सुरक्षा प्रबंध और शांति का संदेश देने के लिए कलायत थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च निकाला। शनिवार सांय फ्लैग मार्च की रहनुमाई जिला पुलिस कप्तान कुमारी उपासना के निर्देश पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास ने की। उनके साथ आरएएफ डीएसपी प्रेमजीत सिंह और अन्य अधिकारी रहे मौजूद।तय कार्य योजना अनुसार नेशनल हाईवे के साथ-साथ शहरी और ग्रामीण इलाके में सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया। अनुशासन और कानून व्यवस्था का अहसास करवाते चल रही सुरक्षा बलों की टुकड़ियों का आम नागरिकों ने पुरजोर अभिनंदन किया। इंस्पेक्टर रामनिवास ने कहा कि शासन और प्रशासन व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सजग है। शांति प्रिय ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए व्यापक प्रबंध हैं। नागरिकों को शांति पूर्वक मतदान के लिए प्रेरित करने को सुरक्षा बलों ने सुदृढ़ कानून व्यवस्था का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आदर्श व्यवस्था कायम करते हुए मतदान करवाना प्रशासन का दायित्व है।इसको लेकर हर स्तर पर व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी। उन्होंने हर छोटी और बड़ी जानकारी को प्रशासन के साथ सांझा करने की अपील की। साथ ही तमाम तरह की अफवाहों से विचलित न होने का आग्रह किया। इंस्पेक्टर ने कहा कि चुनाव को लेकर हाईटेक व्यवस्था की गई है।पल-पल की सूचनाओं को प्रशासन नागरिकों तक प्रेषित करता रहेगा।

### हुडदंग करने वालों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

**पूंडरी।** थाना प्रभारी राजकुमार ने कहा कि होली-फाग रंगों का अनूठा भारतीय त्यौहार है जो एकता और भाईचारे के बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। पूंडरी थाने में एक भेंटवार्ता में उन्होंने कहा कि होली-फाग का त्यौहार लोगों के जीवन में रंग भरने के साथ-साथ सभी को समाज में सदभाव से रहने के लिए प्रेरित करता है। जाति और पंथ के निम्न विचारों से ऊपर उठकर एकता व भाईचारे की भावना के साथ इस पर्व को मनाएं। उन्होंने रंगों का त्यौहार मनाते समय दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने और उनकी संवेदनशीलता को ठेस न पहुंचाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहार की आड़ में उपद्रव जैसी घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वो के साथ कोई रियायत न बरतते हुए कड़ाई के साथ निपटा जाएगा। इस त्यौहार पर बडी संख्या में शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना के मामले सामने आते रहे हैं।

## मकान मालिक की हत्या करने का आरोपित चोर काबू, पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ चोरी करते पकड़े जाने पर मकान मालिक पर हमला कर हत्या का आरोप

सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव रोझला घर में चोरी की नियत से घुस कर मकान मालिक की हत्या करने के आरोपित चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव रोझला निवासी तनुज ने 21 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात को उसका पिता बबली (50) तथा वह अलग-अलग कमरों में सोए हुए थे। परिवार के अन्य लोग पूजा अर्चना के लिए बाहर गए हुए थे। देर रात को गांव का संदीप चोरी की नियत से घर में घुस गया। चोर के घर में घुसने की भनक उसके पिता बबली को लग गई और वह चोर से उलझ गया। उसी दौरान संदीप ने उसके पिता पर लात तथा घूसों से बौछार कर दी। जिसमें उसके पिता को गंभीर चोटें आई। उसके पिता द्वारा शोर मचाए जाने पर वह भी मौके पर पहुंच गया और चोर संदीप को पकड़ लिया। जिस पर संदीप ने उस पर ईंट से वार किया ओर छुडा कर फरार हो गया। हाथापाई के दौरान संदीप का मोबाइल फोन तथा एक जूता वहीं छूट गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। बेसुध हालत में उसके पिता बबली को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के बेटे तनुज की शिकायत पर संदीप के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपित संदीप को गिरफ्तार कर लिया।

## होली पर्व पर लें बुराइयों को त्यागने का संकल्प : ऊषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजौंद में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राजयोगिनी उषा बहन और सरिता बहन ने होली के महत्व को बताते हुए कहा कि होली पर्व हमारे अंदर की बुराइयों व पुराने स्वभाव संस्कार को दहन करने तथा परमात्मा प्रेम के रंगों में रंगने का प्रतीक है। होली पर्व केवल एक दिन नहीं बल्कि अपना संपूर्ण जीवन उमंग उल्लास से रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हर त्योहार वैसे तो अलग अलग पहचान छोड़ते है लेकिन होली के त्योहार की अपनी अलग ही पहचान रही है।




होली महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान।

कार्यक्रम में सबने मिलकर रंगों के साथ साथ परमपिता परमात्मा के प्रेम में रंगते हुए होली मनाई। इस दौरान भारी संख्या में भाई बहन मौजूद रहे।

# केमिकल रंग बिगाड़ सकते हैं सेहत

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

रंगों के त्यौहार होली को लेकर नगर में दुकानों पर रंग बिरंगी पिचकारियां व गुलाल हर किसी को अपनी और आकर्षित कर रहे है। 25 मार्च को फाग का त्यौहार है, जिसे लेकर बाजारों में जगह जगह गुलाल, पिचकारी, की दुकानें सजी हुई है। दुकान चाहे छोटी हो या बड़ी इन दिनों सभी होली के सामान से सराबोर नजर आ रही है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार होली का प्रतीक पिचकारी भी जो आम प्लास्टिक या लोहे से बनी होती थी, इस बार विभिन्न आकारों में आ रही है। जो कि ग्राहकों को काफी आकर्षित कर रही है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले कई दिनों वह खाली बैठे थे जैसे ही होली का पर्व नजदीक आया बच्चों में पिचकारी आदि खरीदने की होड़ लग गई। मार्केट में गहरे और पक्के रंग के नाम



पर सिंथेटिक कलर खूब मिल रहे हैं। इन रंगों को लगाने से त्वचा पर जलन, रेडनेस की समस्या हो सकती है। जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव है उन्हें चकत्ते या खुजली की समस्या भी हो सकती है। कुछ लोगों को इसके एलर्जी जैसे त्वचा पर लालिमा और सूजन या पित्ती निकल सकती है।

### आंखों के लिए रंग हानिकारक

होली पर मिलने वाले कुछ रंगों में सिलिका और सीसा जैसी चीजों का उपयोग किया जा रहा है। जो आंकों के लिए हानिकारक हैं। इससे आंख डैमेज होने का भी खतरा होता है। इस तरह के रंग पुतलियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। रंग से ड्राई आई की समस्या हो सकती है। होली पर केमिकल वाले रंगों का उपयोग करने से सांस के मरीज को परेशानी हो सकती है। इससे फेफड़ों को नुकसान हो सकता है। सासं लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की समस्या पैदा हो सकती है। जो लोग अस्थमा के मरीज हैं उन्हें रंग और गुलाल से होली खेलने से परहेज करना चाहिए। ऐसे लोगों को अस्थमा का अटैक आ सकता है। अगर खेलनी है तो हर्बल रंगों का उपयोग करें और वो भी सीमित मात्रा में ही प्रयोग करें। **पेट की समस्याएं :** होली पर अगर रंग किसी भी तरह मुंह या नाक में ज्यादा चला जाए तो इससे पेट में भी समस्या हो सकती है। केमिकल वाला रंग पेट में जाने से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं बढ़ सकती हैं।

## होली विशेषांक : राजौंद



















# होली में रंग उड़ाने के साथ कमा सकते हैं अच्छा पैसा

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

- कई बिजनेस कुछ ही दिन में करा सकते हैं जबरदस्त कमाई
- खाने-पीने की चीजें बेचकर भी हो सकते हैं मालामाल
- हर्बल रंग बेचकर भी आप कमा सकते हैं बढ़िया पैसा
- कर सकते हैं गिफ्ट और हैम्पर्स का भी बिजनेस कर सकते हैं

इस दिनों देशभर में चुनाव के साथ होली का भी खुमार छाया हुआ है। हर तरफ होली की रंगत छाई हुई है। होली अब बहुत नजदीक है। चारों ओर रंगों के इस त्योहार को लेकर तैयारियां चल रही हैं। आप भी इस त्योहार में अपनी खुशियों को डबल कर सकते हैं, यानी रंग उड़ाने के साथ अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं। बस जरूरत है छोटी सी शुरूआत करने की। त्योहार मनाने के साथ-साथ अगर कमाई भी हो जाए तो आपकी खुशी कई गुना बढ़ जाती है। इसलिए आप भी होली को ध्यान में रखते कुछ बिजनेस आइडिया पर काम करें और अच्छा पैसा कमाएं। रंग और गुलाल, पिचकारी और खिलौनों का बिज़नेस, मिठाई-नमकीन का सामान, पूजा सामग्री, टूर-ट्रेवल, होली इवेंट एक्सपीरियंस, होली हैम्पर्स व गिफ्ट्स और खाने पीने की सामग्री समेत कई बिजनेस आपको कुछ ही दिनों में अच्छा पैसा कमाकर दे सकते हैं। यह आपकी खुशियों को दोगुना-तिगुना कर देंगे। इसमें 1-2 काम तो आप होली के बाद भी जारी रख कर या इसे नियमित में तब्दील कर सकते हैं और बाद में इनका विस्तार भी कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ बिजनेस आईडियाज जो आपको करवा सकते हैं बढ़िया कमाई।



## रंगों का व्यापार

होली में रंग न हो ऐसा हो ही नहीं सकता है। रंगों को लेकर लोगों के बीच आजकल काफी जागरूकता देखने को मिल रही है। वह सिंथेटिक और हार्ड कलर की बजाय हर्बल कलर्स को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। आप हर्बल कलर बेचकर अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप इन्हें घर पर खुद ही बना सकते हैं। हर्बल कलर बनाने के लिए आपको गुलाब के पत्ते, इंडिगा, मेंहदी, हल्दी, दही आदि की जरूरत होगी। आप यूट्यूब से भी हर्बल कलर बनाना सीख सकते हैं। बड़ों से ज्यादा बच्चे रंग, गुब्बारों और गुलाल की खरीदारी करते हैं। होली पर बच्चे से लेकर बूढ़े तक को रंग, अबीर, गुलाल की तो जरूरत होती ही है। ऐसे में आप रंग बेचने का बिज़नेस शुरू कर सकते हैं। आप घर से ऑर्गेनिक रंग बनाकर भी बेच सकते हैं। बाजार में बिकने वाले कैमिकल कलर से बचाव के लिए अब लोग ऑर्गेनिक कलर पर ध्यान देने लगे हैं। ऐसे में आप घर से ही इस बिज़नेस को शुरू कर सकते हैं। इस बिज़नेस को छोटे स्तर पर महज 3 से 4 हजार की कीमत पर शुरू कर सकते हैं और अच्छे दामों पर बेच सकते हैं।

## खाने-पीन की सामग्री

होली के दिन घरों में खूब पकवान बनाए जाते हैं। मिठाई-नमकीन की तो खूब डिमांड होती है। घरों में गुजिया, मट्ठी जैसे कई स्नैक्स बनाए जाते हैं। ऐसे में आप इन्हें बनाने का कच्चा माल भी बेच सकते हैं, या इन्हें बनाकर भी बेच सकते हैं। होली के दिन मेहमानों का स्वागत करने के लिए अलग-अलग प्रकार की मिठाइयां भी तैयार की जाती हैं। आप तरह-तरह की मिठाइयां बनाकर भी बेच सकते हैं। अपना माल घर ही में तैयार कर लें या कारीगर बुलाकर तैयार करा लें। इसके अलावा होली के मौके पर आम तौर पर चलने वाले चावल के पापड़, आलू के पापड़, मैदे के पापड़, साबूदाना के पापड़, चिप्स, भुजिया बनाकर कच्चे ही बेचे जा सकते हैं। होली के समय पर इन सामानों के खरीदार काफी होते हैं, ऐसे में आप लोगों की इन ज़रूरतों को पूरा करके अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

## पूजा सामग्री

होली से एक दिन पहले होलिका दहन के दिन पूजा भी की जाती है। ऐसे में पूजा के सामान की हर किसी को ज़रूरत होती है। आप होली से पहले पूजा सामग्री बेचने का भी बिज़नेस शुरू कर सकते हैं। आप धूप, अगरबत्ती, बताशे, फूल, माला इत्यादि को रख कर अच्छे दाम पर ग्राहकों को बेच सकते हैं। यह बिज़नेस केवल होली में ही नहीं बल्कि साल भर चल सकता है। आप इससे अच्छी कमाई कर सकते हैं। इस दिन बच्चों के लिए फलों, बिस्किट, चॉकलेट और अन्य खाद्य सामग्री की माला बनाई जाती है। ऐसे में आप बच्चों की माला बनाने का काम भी कर सकते हैं।

## टूर-ट्रेवल

अक्सर लोग काम की तलाश में दूसरे शहर में रहते हैं। होली के मौके पर हर कोई अपने घर आना चाहता है, लेकिन टिकट की मारामारी के बीच उन्हें घर जाने के लिए टिकट नहीं मिलती। ऐसे में आप ट्रैवल ऐजेंट के रूप में टिकट की बुकिंग कर सकते हैं। बस आपके पास प्रिंटर, लैपटॉप और वाइ-फाई कनेक्शन होना चाहिए। होली के मौके पर कई लोगों को ऑफिस से जल्दी छुट्टी भी नहीं मिल पाती। इसलिए वो पहले से टिकट बुक नहीं करा पाते। इसलिए आप उनकी टिकट बुक करने में मदद कर सकते हैं। कई लोग टिकट पाने के लिए थोड़ा ज्यादा पैसा खर्च करने को भी तैयार हो जाते हैं। आप इस बिज़नेस के ज़रिए अच्छी कमाई कर सकते हैं। होली के मौके पर न केवल आप इस त्यौहार का पूरा आनंद ले सकते हैं, बल्कि आप इस त्यौहार को अवसर के रूप में भुना कर अच्छी कमाई भी कर सकते हैं।

## होली इवेंट

आप एक होली इवेंट आयोजित कर लोगों को इस त्योहार को बड़े स्तर पर मनाने का आनंद दे सकते हैं। इसके लिए टिकट रख सकते हैं। ऐसे इवेंट में सबसे जरूरी होगा कि आप एक सुरक्षित माहौल मुहैया कराएं। महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। आप यहां खाने-पीने की सामग्री, पानी, रंग आदि की व्यवस्था कर अलग-अलग इलाकों में रहने में वाले लोगों को एक साथ ला सकते हैं। वैसे भी होली गिले शिकवे भूलने और एक दूसरे को गले लगाकर रंग लगाने का त्योहार है। त्योहार पर ऐसे कार्यक्रम से आपको भी अच्छी कमाई होगी और बच्चे, बूढ़े और जवान एक सुरक्षित महौल में होली को त्योहार मनाकर रोमांचित और खुश होंगे।

## होली हैम्पर्स व गिफ्ट्स

होली पर लोग एक-दूसरे को गिफ्ट देना भी पसंद कर सकते हैं। आप गिफ्ट व हैम्पर्स बनाकर पैसा बना सकते हैं। यह ऐसा बिजनेस है जिसे आप होली के बाद भी जारी रख सकते हैं। भारत त्योहारों का देश है और यहां हमेशा कोई न कोई त्योहार मनाया ही जाता है। त्योहार न भी हो तो भी एनिवर्सिरी व बर्थडे जैसे सेलिब्रेशन में भी इनकी जरूरत पड़ती ही है।



# एसआईपी में 10% का नियम जल्द बना सकता है करोड़पति

सुझाव
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश करना चाहते हैं या कर रहे हैं तो एक बात गांठ बांध लें फिर आपको करोड़पति बनाने से कोई नहीं रोक सकता है। बस जरूरी है तय लक्ष्य के साथ जल्द और सधी हुई शुरूआत करने की। फिर देखना आप आसानी से बिना किसी परेशानी के अपने सपने पूरे कर सकते हैं। अगर आपको ऐसा लगता है कि सिर्फ बड़े निवेश से ही बड़ा फंड तैयार होता है तो आपको इस सोच को बदल लेना चाहिए। आज के समय में ऐसी तमाम स्कीम्स हैं, जिसमें आप अगर छोटे अमाउंट से भी शुरुआत करेंगे तो बड़ा फंड तैयार कर सकते हैं। एसआईपी उसमें से एक है। इसके के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश किया जाता है। इस स्कीम में अगर आप लंबे समय के लिए अनुशासित होकर निवेश करें तो काफी बड़ा फंड जमा कर सकते हैं। एसआईपी के जरिए अगर आप करोड़पति बनना चाहते हैं तो आपको 10% वाला एक फॉर्मूला अच्छे से समझ लेना चाहिए। अगर आप इस फॉर्मूले के साथ सिर्फ 3000 रुपये की भी मासिक एसआईपी शुरू करें तो कुछ ही सालों में आपका करोड़पति बनना तय है। सिर्फ आप इन नियम को अपने पोर्टफोलियों में उतार लें इसके बाद आंखें बंद करके भी निवेश करेंगे तो आपको अमीर बनने से कोई नहीं रोक पाएंगा। तो आइये इस रिपोर्ट के जरीये जानते हैं कि आखिर वह 10 फीसदी वाला फॉर्मूला क्या है जो आपको पूंजीपति यानी करोड़पति बनाएगा।

**3000 रुपये से भी शुरू करेंगे निवेश तो होंगे मालामाल**

**छोटे से निवेश भी आपको मिल सकता है बढ़िया रिटर्न, अनुशासित होकर निवेश करें तो काफी बड़ा फंड जमा कर सकेंगे**

**एसआईपी के जरिए आप आसानी से करोड़पति बन सकते हैं**

## क्या 10 प्रतिशत वाला फॉर्मूला

अब हम आपको बताते हैं 10% वाला फॉर्मूला। इसके तहत आप जितने रुपये से भी एसआईपी में निवेश शुरू करते हैं, उसमें हर साल 10 प्रतिशत अमाउंट बढ़ाते जाना है। मान लीजिए कि आप 3,000 रुपये महीने की एसआईपी शुरू करते हैं तो एक साल बाद आपको 3,000 में 10 फीसदी के हिसाब से 300 रुपये बढ़ाने होंगे यानी अगले साल आप 3300 रुपये की एसआईपी पूरे एक साल चलाएंगे। इसके अगले साल में 3,300 का 10 फीसदी यानी 330 का अमाउंट इसमें और एड करना है। इस तरह 3,630 रुपये की एसआईपी आपको पूरे एक साल तक चलानी होगी। उसके अगले साल 3,630 का 10 फीसदी अमाउंट उसी एसआईपी में बढ़ाना है। इस तरह आपको हर साल निवेश की रकम का 10 फीसदी उसमें बढ़ाते रहना है।

## अब समझिए कैसे बनेंगे करोड़पति

**पहला नियम:** 10 फीसदी फॉर्मूले के हिसाब से आपने अगर 25 साल की उम्र पर 3,000 रुपये को एसआईपी में निवेश करना शुरू किया है और इस निवेश को हर साल 10 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ाते हुए लगातार 25 से 30 साल तक जारी रखा तो आप करोड़पति बन जाएंगे। दरअसल, एसआईपी में औसतन रिटर्न 12 फीसदी का माना जाता है। ऐसे में अगर आप इस निवेश को 10 प्रतिशत के फॉर्मूले के साथ 25 सालों तक जारी रखते हैं तो 25 सालों में आपका कुल निवेश 35,40,494 रुपये का होगा। 12 फीसदी के हिसाब से इस पर 92,86,144 रुपये ब्याज मिलेगा और मैच्योरिटी पर आप 1,28,26,638 रुपये के मालिक होंगे।

**दूसरा नियम:** अगर आप इस निवेश को लगातार 30 सालों तक जारी रखते हैं तो आप 30 सालों में 59,21,785 रुपये इन्वेस्ट करेंगे। 12 फीसदी के हिसाब से ब्याज के तौर पर आपको 2,05,80,586 रुपये मिलेंगे और मैच्योरिटी पर आप 2,65,02,371 रुपये के मालिक बन जाएंगे। इस तरह आप सिर्फ 3,000 रुपये से एसआईपी में निवेश शुरू करके 25 से 30 सालों में खुद को करोड़पति बना सकते हैं।

- प्योर टर्म, एंडोमेंट, यूएलआईपी, मनीबैक या फिर पेंशन प्लान
- कौन सी बीमा पॉलिसी आपके लिए रहेगी बेस्ट एक बार जांच लें
- इसके बाद ही बीमा पॉलिसी खरीदने को बनाएं अपनी रणनीति

# ध्यान दें कौन सी लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने में है समझदारी

जानकारी
बिजनेस डेस्क

क्या आप अपने लिए एक सही और सटीक लाइफ इंश्योरेंस प्लान खरीदने का फैसला सिर्फ इसलिए नहीं कर पा रहे, क्योंकि बाजार में मौजूद जीवन बीमा प्रोडक्ट्स की भारी भीड़ ने आपको कनफ्यूज कर दिया है? अगर आपका जवाब हां में है, तो ऐसे असमंजस में फंसने वाले आप अकेले व्यक्ति नहीं हैं। मनीबैक पॉलिसी, यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूएलआईपी), पेंशन प्लान और भी न जाने क्या-क्या! दरअसल लाइफ इंश्योरेंस स्कीम्स के इतने सारे ऑप्शन मार्केट में मिल रहे हैं कि किसी भी व्यक्ति को फैसला लेने में कनफ्यूजन हो सकता है। हम यहां इसी उलझन को दूर करने की इस रिपोर्ट के जरीये कोशिश करेंगे।

## लाइफ इंश्योरेंस क्यों जरूरी

सबसे पहली बात तो यह है कि किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए लाइफ इंश्योरेंस प्लान लेना बेहद जरूरी है, जो अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहा हो या जिस पर बहुत से लोग आर्थिक तौर पर निर्भर हों। अगर ऐसे व्यक्ति के साथ कोई हादसा हो जाए, तो उनके परिवार के लिए जीवन बीमा पॉलिसी एक बड़ा सहारा साबित हो सकती है। इसलिए तमाम कनफ्यूजन को दूर करके जल्द से जल्द लाइफ इंश्योरेंस प्लान खरीद लेने में ही समझदारी है। अब बात करते हैं कि ज्यादातर लोगों के लिए कौन सा प्लान लेना आमतौर पर सही रहता है।

## निवेश कितना सही

एंडोमेंट प्लान हो, यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूएलआईपी) हों या मनीबैक पॉलिसी या फिर पेंशन प्लान। इन सभी में इंश्योरेंस और इनवेस्टमेंट का कंबिनेशन देखने को मिलता है। इन सबको मिलाकर आप हाइब्रिड इंश्योरेंस प्लान भी कह सकते हैं। ऐसे प्लान को बेचते समय आम तौर पर यही कहा जाता है कि इनमें आपको बीमा और निवेश, दोनों का लाभ मिलता है। सैद्धांतिक तौर पर तो यह बात सही है, लेकिन व्यावहारिक रूप से ऐसा होता नहीं है। इसकी वजह यह है कि हाइब्रिड प्लान आमतौर पर महंगे पड़ते हैं यानी ऊंचा सम-इंश्योर्ड चाहिए तो प्रीमियम काफी अधिक हो जाता है, जिसके चलते इनके जरिये लोग आम तौर पर हाइब्रिड प्लान में पर्याप्त लाइफ कवर नहीं ले पाते और अगर लाइफ कवर पर्याप्त नहीं हो, तो जीवन बीमा का उद्देश्य ही अधूरा रह जाता है।

## बहुत सफल नहीं होता

हाइब्रिड प्लान अपने दूसरे मकसद यानी इनवेस्टमेंट ऑप्शन के तौर पर भी बहुत सफल नहीं होता। ऐसा इसलिए क्योंकि इनमें निवेश पर मिलने वाला रिटर्न आमतौर पर बेहद मामूली होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि निवेश की गई रकम के जरिए ही इंश्योरेंस भी दिया जाता है, जिसके एवज में बीमा कंपनी आपके रिटर्न में से ही नियमित रूप से मॉर्टैलिटी चार्जेज भी काटती है।

## प्योर टर्म प्लान के क्या फायदे

हाइब्रिड प्लान से अलग, प्योर टर्म प्लान आपको काफी कम प्रीमियम में ऊंचा कवरेज दे सकते हैं। ऐसा इसलिए संभव हो पाता है, क्योंकि बीमा कंपनी आपसे प्योर टर्म प्लान के लिए जो प्रीमियम वसूल करती है, वह सिर्फ इंश्योरेंस के लिए ही होता है। प्योर टर्म प्लान में कोई सर्वाइवल बेनिफिट नहीं मिलता। यानी बीमा का लाभ इंश्योर्ड व्यक्ति के साथ कोई अनहोनी होने पर ही मिलता है। पहली बार में ऐसा लग सकता है कि प्योर टर्म प्लान के प्रीमियम के लिए किया गया भुगतान सर्वाइवल की स्थिति में पूरी तरह बेकार चला जाता है, लेकिन ऐसा नहीं है। दरअसल प्योर टर्म प्लान का असली फायदा आपको इतना बड़ा लाइफ कवरेज मुहैया कराना है, जिसे किसी भी हाइब्रिड प्लान में अफोर्ड कर पाना बेहद मुश्किल है। मिसाल के तौर पर 1, 2 या 5 करोड़ रुपये का प्योर टर्म प्लान भी काफी अफोर्डेबल होता है, जबकि किसी भी हाइब्रिड प्लान में इतना बड़ा कवरेज लेने के लिए आपको साल में लाखों रुपये का प्रीमियम देना पड़ सकता है।

## इंश्योरेंस और निवेश को अलग-अलग रखना बेहतर

अगर आप अपने लाइफ इंश्योरेंस और निवेश के लक्ष्य को अलग-अलग रखें तो दोनों ही मामलों में बेहतर रहेगा। ऐसा करने पर आप कम प्रीमियम पर पर्याप्त कवरेज ले पाएंगे और निवेश पर बेहतर रिटर्न भी कमा लेंगे। ऐसा करने का सबसे सीधा तरीका यही है कि आप जीवन बीमा के लिए प्योर टर्म प्लान पर भरोसा करें। वहीं, निवेश के लिए अपने रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से पीपीएफ, बैंक एफडी से लेकर म्यूचुअल फंड एसआईपी तक किसी और विकल्प का चुनाव कर सकते हैं। सबसे बेहतर रणनीति तो यही होगी कि आप जीवन बीमा के लिए प्योर टर्म प्लान खरीदें और फिर प्रीमियम में होने वाली बचत को किसी अच्छे म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश कर दें।

# एमएफ में क्या होता है एनएवी, आखिर कैसे किया जाता तय

**बिजनेस डेस्क।** सभी स्कीम के तहत म्यूचुअल फंड योजनाओं की यूनिट्स (लिक्विड और ओवरनाइट फंड को छोड़कर) सिर्फ संभावित एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) पर अलॉट की जाती हैं। म्यूचुअल फंड कट-ऑफ समय के बाद भी आवेदन स्वीकार कर सकता है, लेकिन आपको अगले कारोबारी दिन का एनएवी मिलेगा। किसी म्यूचुअल फंड का एनएवी प्रतिभूतियों के बाजार मूल्य की तरह दिन-प्रतिदिन के आधार पर बदलता है। म्यूचुअल फंड स्कीम का प्रदर्शन उसकी प्रति यूनिट एनएवी द्वारा दर्शाया जाता है। प्रति यूनिट एनएवी किसी स्कीम की प्रतिभूतियों के बाजार मूल्य को किसी निश्चित तारीख पर योजना की यूनिट्स की कुल संख्या से विभाजित किया जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इसे ऐसे समझा जा सकता है कि अगर किसी म्यूचुअल फंड योजना की प्रतिभूतियों का बाजार मूल्य 200 लाख रुपये है और म्यूचुअल फंड ने निवेशकों को 10 रुपये की 10 लाख यूनिट जारी की हैं तो फंड की प्रति यूनिट एनएवी 20 रुपये (200लाख/10 लाख) होगा। किसी म्यूचुअल फंड का एनएवी प्रतिभूतियों के बाजार मूल्य की तरह दिन-प्रतिदिन के आधार पर बदलता है।

## आखिर में एनएवी घोषित होती है

शेयरों के उलट, जहां कीमत शेयर बाजार द्वारा संचालित होती है और मिनट-दर-मिनट बदलती रहती है, सेबी म्यूचुअल फंड विनियमों के मुताबिक, बाजार बंद होने के बाद हर ट्रेडिंग दिन के आखिर में म्यूचुअल फंड योजनाओं की एनएवी घोषित की जाती है। सभी स्कीम के तहत म्यूचुअल फंड योजनाओं की यूनिट्स(लिक्विड और ओवरनाइट फंड को छोड़कर) सिर्फ संभावित एनएवी पर अलॉट की जाती हैं। म्यूचुअल फंड कट-ऑफ समय के बाद भी आवेदन स्वीकार कर सकता है, लेकिन आपको अगले कारोबारी दिन का एनएवी मिलेगा।

## क्या है नेट एसेट वैल्यू फॉर्मूला

एसबीआई सिक्योरिटीज के मुताबिक, नेट एसेट मूल्य (एनएवी) का कैलकुलेशन निम्न फॉर्मूला के तहत निकाला जा सकता हैः-

एसेट का शुद्ध मूल्य=(कुल संपत्ति-कुल देनदारियां)/फंड की कुल बकाया यूनिट्स नेट एसेट वैल्यू के फॉर्मूला को समझने के बाद, अगला कदम नेट एसेट वैल्यू में परिवर्तनों को समझना जरूरी है।

**मान लीजिए कि आपने म्यूचुअल फंड स्कीम के एनएफओ (नए फंड ऑफरिंग) में 10 रुपये की एनएवी पर निवेश किया है। 3 महीने के बाद, एनएवी 11.22 रुपये तक बढ़ सकती है। तो उस स्थिति में, म्यूचुअल फंड योजना ने 12.2%=(11.22-10)/10) X 100 का रिटर्न जेनरेट किया है।**

**निवेशकों के लिए एनएवी क्यों है प्रासंगिक :** नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) एक निश्चित अवधि में धन प्रभाव को दर्शाता है। जैसे अगर किसी फंड का एनएवी 1 साल0 में 100 रुपये से बढ़कर 118 रुपये हो गया है, तो इसे एक वर्ष में निवेश पर 18% रिटर्न के रूप में समझा जा सकता है। शुद्ध संपत्ति मूल्य तुलना की अनुमति देता है। हालांकि आप सीधे एनएवी पर तुलना नहीं करते हैं, आप एनएवी पर उत्पन्न रिटर्न से तुलना कर सकते हैं। इससे एक कैटेगरी के भीतर और विभिन्न श्रेणियों में फंड के चयन में मदद मिलती है। नेट एसेट वैल्यू.फंड द्वारा अपने निवेशकों को कम्यूनिकेशन का एक महत्वपूर्ण साधन है कि फंड कैसा प्रदर्शन कर रहा है क्योंकि पोर्टफोलियो का खुलासा केवल मासिक आधार पर होता है।

**एडवांस वॉर्निंग सिस्टम :** एनएवी निवेशकों के लिए एडवांस वॉर्निंग सिस्टम के रूप में काम कर सकता है। जैसे अगर किसी इक्विटी फंड के एनएवी में बढ़ोतरी या एनएवी में गिरावट सूचकांक के साथ तालमेल से बाहर है, तो निवेशकों के लिए करीब से देखने के लिए कुछ तो है। नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) की गणना प्रतिदिन की जाती है और यह निवेशकों को उनके फंड के प्रदर्शन का आकलन करने में सहायता करती है।

**बचत** कई तरीकों से निवेश कर तैयार कर सकते हैं मोटा पैसा, नहीं होगी आर्थिक परेशानी

# बच्चों के भविष्य की नहीं लें टेंशन जल्द शुरू करें निवेश की प्लानिंग

*सही समय पर योजना बनाएं और आर्थिक रूप से सुरक्षित बनें*

लक्ष्य
बिजनेस डेस्क


अक्सर अभिभवकों को अपने बच्चों के भविष्य को लेकर हमेशा की चिंता रहती है। जैसे बच्चों के भविष्य के लिए कैसे बेहतर से बेहतर जो फाइनेंशियल प्लानिंग की जाए। जिससे बच्चों के भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित किया जा सके और खुद भी आर्थिक रूप से सुरक्षित बन सकें। अगर आप भी अपने बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं, तो फिर इसके लिए आपको सही समय पर सही योजना बनाने की जरूरत होती है। निवेश के लिए एक बेहतर योजना तैयार कर जल्द से जल्द निवेश शुरू कर दें। जिससे बच्चे को भविष्य में शिक्षा, स्टार्टअप के लिए पैसे की आवश्यकता पड़े, तो फिर उन बड़े खर्चों को आसानी से पूरा किया जा सके। अभिभावकों को बच्चों के लिए लक्ष्य तय कर निवेश करना होगा। तभी समय रहते बच्चों की शिक्षा या बिजनेस शुरू करवाने के लिए आपके पास अच्छा पैसा होगा। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे पांच ऐसे टिप्स जो आपको आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगे और आपके बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित करेंगे। इसटिप्स से आप अपने बच्चे के भविष्य के लिए बेहतर फाइनेंशियल प्लानिंग कर सकते हैं।

## पहला जल्द निवेश शुरू करें

जब बच्चा जन्म लेता है। उस समय ही माता-पिता को बच्चे के भविष्य के लिए पैसे की बचत करनी शुरू कर देनी चाहिए। ये तरीका निवेश का एक काफी शानदार तरीका माना जाता है। अगर इस तरह माता-पिता बच्चे के भविष्य के लिए निवेश शुरू करते हैं, तो फिर इससे निवेश के बढ़ाने के लिए उनके पास और अधिक वक्त मिल सकता हैं। साथ ही जो पोर्टफोलियो है, उसमें इक्विटी म्यूचुअल फंड को भी जोड़ सकते हैं और पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं। अगर आप इस तरीके को निवेश में आजमाते हैं, तो फिर ये आपको जो बेहतर रिटर्न है उसको हासिल करने में काफी मदद कर सकते हैं। इससे आपको कभी दिक्कत नहीं होगी और आप आसानी से बच्चों भविष्य के लिए आर्थिक प्लानिंग कर सकेंगे।

## दूसरा : लक्ष्य तय करें

आपका जो भी निवेश है उसको प्रभावी बनाने का एक बेहतर तरीका है। अगर आप निवेश कर रहे हैं, तो फिर आप पहले तय कर लें कि आप जो निवेश कर रहे है उसको किस खर्च के लिए बचा रहे हैं। साथ ही आप अपने शॉर्ट और लॉन्ग टर्म लक्ष्य हैं उसके हिसाब से पैसे को कहीं निवेश करें।



## तीसरा : पोर्टफोलियो में विविधता

निवेश करते समय ध्यान रखें कि आपके पोर्टफोलियो में विविधता हो। किसी एक ही एसेट्स पर भरोसा न करें। निवेश में विविधता लाएं। यह आपके रिटर्न में एक बहुत बड़ा अंतर ला सकता है, क्योंकि देखा गया है कि जो हर वक्त जो एसेट क्लास है। वो अलग तरीकों से काम करती हैं। अगर हम इसको उदाहरण के हिसाब से समझें, तो किसी वर्ष में सोना बेहतर रिटर्न देता है, तो फिर कभी इक्विटी अच्छा रिटर्न देता है।

## चौथा : हेल्थ इंश्योरेंस कवर लें

अपने पोर्टफोलियो में आप निवेश को तो शामिल करेंगे ही। इसके साथ ही आपको अपने पोर्टफोलियो में हेल्थ इंश्योरेंस को भी जरूर ही शामिल करना चाहिए। कोरोना महामारी के बाद काफी बड़ी संख्या में ऐसे लोग है। जिन लोगों की इंश्योरेंस के प्रति जो जागरूकता है। वो काफी बढ़ी है। हेल्थ इंश्योरेंस से आप खुद को मेडिकली सुरक्षित महसूस करेंगे। किसी भी बीमारी जैसी आपात स्थिति यह आपके बेहद काम आएगा।

## 5वां : बच्चों को दें फाइनेंशियल एजुकेशन

अगर आप अपने बच्चों का जो भविष्य है उसको बेहतर और अच्छा बना चाहते हैं, तो फिर आपको अपने बच्चों को फाइनेंशियल एजुकेशन भी देनी चाहिए। उन्हें बचत और निवेश का महत्व बताया जाना चाहिए, ताकि वे भी शुरूआत से ही बचत करें और अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित कर सकें। अपने बच्चे को सही समय पर पैसे का महत्व समझाएं। अगर आप इन चीजों का ध्यान रखते हैं तो फिर आप अपने बच्चे के भविष्य को बेहतर कर पांएगे और बच्चा भी आर्थिक रूप से सुदृढ़ रहेगा।

## होली व फाग के दृष्टिगत पुलिस ने किए कड़े प्रबंध

# होली पर हुड़दंग की तो खैर नहीं, पुलिस की रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला पुलिस प्रशासन ने होली व हरियाणा में प्रमुख रूप से मनाए जाने वाले फाग के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए विशेष पुलिस टीमें बनाई गई है वहीं महिला पुलिस की तैनाती की बात भी कही गई है। विभिन्न क्षेत्रों से पुलिस प्रशासन को मिली सूचनाओं के आधार पर ऐसी व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि किसी को व्यवस्था नहीं बिगाड़ने दी जाएगी। होली व फाग के दिन व्यवस्था बनाए रखने के विशेष प्रबंध किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने होली पर हुड़दंग करने वालों को चेताया है कि उन पर कड़ी नजर रहेगी और सख्त कार्रवाई होगी। हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश हर थाना व चौकी प्रभारी को दिए गए हैं। हुडदंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी व सतर्कता के साथ प्रभावी गश्त के निर्देश दिए गए है। होली के शुभ अवसर पर किसी प्रकार का हुड़दंग या शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए शरारती तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी।

- पुलिस गश्त बढ़ाई, महिला पुलिस की भी तैनाती की

### थाना व चौकी प्रभारी करेंगे चिन्हित

सभी थाना और चौकी प्रभारियों को त्योहार के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने बारे निर्देशित करते हुए कहा गया है कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### महिला पुलिस की रहेगी तैनाती

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा का कहना है कि होली के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस पुलिस की तैनाती की गई है। ट्रेफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रेफिक थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। सभी चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। सभी पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त हो, वहां तुरंत मौके पर पहुंच स्थिति से निपटे।

### साइलेंसर से पटाखे बजाए तो नपेंगे

मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकलने वाले, बिना हेलमेट और ट्रेफिक के नियमों की अवहेलना करने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ एल्को सेंसर की सहायता से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### 14 वाहन जब्त, 340 के काटे चालान

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला पुलिस ने पिछले 12 घंटे में ट्रेफिक नियमों की अवहेलना करने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की है। इसके तहत ड्रंक एंड ड्राइव समेत कुल 340 वाहन चालकों के चालान और 14 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त किया गया है।

### होली पर हुड़दंगबाजी रोकने के लिए पुलिस हुई सख्त

*होली पर शांति बनाए रखने के अपने दावे को अमलीजामा पहनाते हुए पुलिस ने सख्ती शुरू भी कर दी है। इसके तहत पुलिस ने पिछले 12 घंटे में 340 वाहन चालकों के चालान और 14 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि जिला पुलिस होली के त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपट रही है। सभी थाना क्षेत्रों में स्पेशल नाकाबंदी कर संदिग्धों की चैकिंग की जा रही है।*

### शराब पीने वालों पर होगी कार्रवाई, नागरिकों को दी शुभकामनाएं

*पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि अगर कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान, गाड़ी में या रास्ते में शराब पीता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने नागरिकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि अपने बच्चों को समझाएं कि वे घर से बाहर निकलकर किसी तरह की हुड़दंगबाजी न करें और न ही शराब पीकर निकले। ऐसे लोगों को पुलिस बख्शेगी नहीं और मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

# आत्मा के उत्सव का मिलन सुप्रभात ध्यान और होली के रंग : आचार्य सुभाष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ की ओर से कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में ओशोधारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने सुप्रभात ध्यान करवाया। आज होली का उत्सव है और ओशोधारा इस देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को हमेशा आगे बढ़ाने को तत्पर रहता है।

आचार्य ने देशवासियों को होली की बधाई देते हुए बताया कि उत्सव मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है और उत्सव से बहुत से विकारों से निजात मिलती है। इसके बाद उन्होंने सुप्रभात ध्यान के बारें में बताया कि सुप्रभात ध्यान मन, शरीर और आत्मा के संगठन को स्थिरता और शांति की दिशा में ले जाता है। यह एक तात्कालिक साधना है, जो स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए महत्वपूर्ण है।



हिसार। होली उत्सव मनाते हुए साधक। फोटो : हरिभूमि

सुप्रभात ध्यान का अर्थ है 'सुप्रभात' या 'सुबह' में ध्यान लगाना। यह ध्यान प्रक्रिया अधिकतम स्थिरता और ध्यान की शक्ति को उत्पन्न करने के लिए शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक तत्वों को समाहित करती है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आत्मविकास के मार्ग पर अग्रसर होता है।

सुप्रभात ध्यान करने के लिए व्यक्ति शांत और शुद्ध वातावरण में बैठकर ध्यान के लिए समय निकालता है। ध्यानासन में सुखासन, पद्मासन या वज्रासन का उपयोग किया जा सकता है। ध्यानास्थिति में व्यक्ति अपने विचारों को शांत करता है और अपने श्वास का ध्यान रखता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, व्यक्ति अपने मन को शांत करता है और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में अग्रसर होता है। सुप्रभात ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से किया जाना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने जीवन में स्थिरता, संतुलन और आनंद को अनुभव कर सके।

ध्यान के बाद आचार्य सुभाष ने ओशोधारा के कार्यक्रमों के बारे में टीम सद्गुरु हिसार के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया की ओशोधारा हर घर ध्यान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए हर सप्ताह पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर ध्यान योग के 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करता है।



हिसार। छात्र योगेश व छात्रा सौम्या। फोटो : हरिभूमि

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता प्रथम पुरस्कार

**हिसार।** डीएवी कॉलेज (लाहौर), अंबाला शहर के भूगोल विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऑफलाइन पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक कॉलेज से केवल दो प्रतिभागी भेजे गए। इसमें छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया व दोनों प्रतियोगिताओं में बाजी मारी। बीएड द्वितीय वर्ष का छात्र योगेश पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन में तृतीय स्थान पर रहा व बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा सौम्या पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही। आयोजक कॉलेज के द्वारा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने विद्यार्थियों की जीत पर स्टाफ के सभी सदस्यों व विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रेरित किया कि भविष्य में भी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में इसी प्रकार मेहनत करके सफलता हासिल करते रहें। छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि इस कॉलेज के विद्यार्थी निरंतर प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त कर रहे हैं।


आदमपुर। कार्यक्रम में स्वामी सच्चिदानंद को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक व संतजन। फोटो : हरिभूमि

## ब्रह्मलीन महात्मा चन्द्र प्रकाश जी तपस्वी संत थे : स्वामी सच्चिदानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

बिश्नोई समाज के युवा विद्वान स्वामी सच्चिदानंद ने कहा है कि ब्रह्मलीन स्वामी चन्द्रप्रकाश जी एक महान अवतारी महापुरूष थे। उन्हें मध्यप्रदेश व उतर प्रदेश में लोग जंभेश्वर भगवान के साथ पूजते हैं।

स्वामी सच्चिदानंद नजदीकी गांव भोडिया बिश्नोइयान में ब्रह्मलीन महात्मा चन्द्रप्रकाश जी की जन्मस्थली (कुटिया) पर रामकुमार भादू द्वारा जम्भवाणी हरिकथा में अपना आशीर्वाद देने पहुंचे थे। स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि ऐसे महात्मा की जन्मस्थली कुटिया पर आने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने रामकुमार को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूज्य बापू श्री कृष्णानंद गिरी जी महाराज ने युवाओ को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री महेश नाथ जी, श्री नरोत्तम गिरी जी महाराज (योगाचार्य), प्रवीण बिश्नोई अबोहर, पार्षद बीरसिह राहड़, पार्षद महेंद्र सहू, बिश्नोई सभा मंडी आदमपुर के प्रधान राजाराम खिचड़, नशा मुक्ति टीम के सदस्य हवासिह मांझू, सुभाष सरपंच भाणा, संजय भादू, प्रजापति ब्रह्माकुमारी आश्रम की पूरी टीम, मनोहर गोदारा, कृष्ण धतरवाल, हंसराज गोदारा फतेहाबाद आदि ने कार्यक्रम मे शिरकत की। इस अवसर पर सरपंच अरविंद जांगू, पूर्व सरपंच कृष्ण पूनिया, रामेश्वर पुनिया नम्बरदार, अमीलाल पूनिया, रामेश्वर गोदारा, छज्जूराम पूनिया, डा.पंछीराम, बेगराज पूनिया, आत्माराम टाडा, रिछपाल पूनिया, दलीप पूनिया, जगदीश पूनिया, राजेन्द्र पूनिया, विनोद पूनिया, संदीप पूनिया, सुशील पूनिया (यादराम), विनोद डेलू व सतीश पूनिया आदि उपस्थित रहे।

# कैथल के पीटी पहलवान ने पंजाब के चमकौर को हरा जीता इनामी दंगल


- तलवंडी राणा में जय हनुमान अखाड़ा सेवा समिति के इनामी दंगल में नामी पहलवानों का रहा जमावड़ा
- हरियाणा कुश्ती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नरेश सेलपाड़ ने बोले दंगल के पहलवानों को भी देंगे सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जय हनुमान अखाड़ा सेवा समिति तलवंडी राणा की ओर से आयोजित विशाल इनामी कुश्ती दंगल में कैथल के पीटी पहलवान ने पंजाब के चमकौर पर पछाड़ते हुए 11 हजार रुपये का इनामी मुकाबला जीत लिया। हालांकि शेष मुकाबलों में हिसार व फतेहाबाद के पहलवानों का दबदबा रहा। इस विशाल कुश्ती दंगल में जींद, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी एवं कैथल से लेकर प्रदेश भर से 500 से अधिक पहलवान हिस्सा लिया।

गांव तलवंडी राणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस इनामी दंगल में हरियाणा कुश्ती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नरेश सेलपाड़ मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पंजीकृत अखाड़ों व जिला एसोसिएशन के कुश्ती खेल मुकाबलों के पहलवानों को चोट से बचाने व उन्हें तकनीकी कौशल प्रदान करने के लिए समय-समय पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने दंगल के पहलवानों से मैट, ऐज व वेट की कुश्ती से भी जुड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा कुश्ती एसोसिएशन प्रदेश के प्रत्येक पंजीकृत खिलाड़ी का खेल के दौरान बीमा, कुश्ती नसर्री सुविधाओं से लेकर तमाम प्रकार की सेवाएं देगी, जिससे कि हमारे खिलाड़ी ओलम्पिक में पदक जीत कर हरियाणा प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सके।



हिसार। इनामी दंगल में दमखम दिखाते पहलवान व उन्हें सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान समाजसेवी साधुराम जाखड़, पूर्व चेयरमैन सतपाल शर्मा, सरपंच दयाल सिंह मोलिया, सरदार कर्मजीत सिंह भुल्लर, अलीशेर पहलवान, राजेंद्र पहलवान, रामप्रसाद गराठी, सुभाष चावड़ा, जगदीश बोकण, मनीराम हाकला, पप्पू हाकला, सुरेश मोलिया, अनूप बिश्नोई, जगदीश, दलबीर सहित खेल, शिक्षा एवं समाजसेवा से जुड़ी नामी हस्तियां मौजूद रही।

### ये मुकाबले, इन्होंने जीते मैच

जय हनुमान अखाड़ा सेवा समिति समिति के संचालक क्रीड़ाश्री मास्टर जयवीर ने बताया कि 5100 के इनामी मुकाबले में सिद्धांत डाबड़ा ने अपनी एकेडमी के ही साहिल को हराया। इसी प्रकार 2100-2100 के दो ईनामी मुकाबले में भारत जुगलान ने सचिन भूना को हराया तो रवि तलवंडी राणा ने जींद के उमेद कुमार को धोबी पछाड़ लगाकर ऐसा चित किया कि दर्शकों का रोमांच चरम पर पहुंच गया। इसी प्रकार 1100-1100 के तीन मुकाबले हुए। जिसमें 1100 के पहले ईनामी मुकाबले में तलवंडी राणा के ही राहुल ने कापड़ो के आशीष को हराया। इसी वर्ग में अभय भूना ने हांसी के पहलवान कुन्दन को हराया। इसी ईनामी राशि के तीसरे मुकाबले में हिसार के चन्दन सिंह ने कुलदीप नहला को हराया। इसी प्रकार महिपाल व अजय तलवंडी राणा ने अपने-अपने वर्ग में कुश्ती जीतने के साथ-साथ दर्शकों का दिल जीत लिया।

## राजकीय महाविद्यालय उकलाना में एनएसएस कैंप का समापन

**उकलाना मंडी।** राजकीय महाविद्यालय उकलाना में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजू ने शिरकत की। डॉ. अंजू ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। डॉ. सुरीना ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। डॉ. अंजू ने कहा कि एनएसएस के कैंप से स्वयंसेवकों में देश व समाज के प्रति कुछ नया करने की भावना बढ़ती है। कैंप में उन्हें सामाजिक कार्यों के प्रति जागृत किया जाता है और कई तरह के अभियान चलाकर कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



उकलाना मंडी। कैंप के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथि व विद्यार्थी।


हिसार। भट्ट ब्राह्मण सभा के नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य सदस्य।

## भट्ट ब्राह्मण सभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**हिसार।** ऋषि नगर में भट्ट ब्राह्मण सभा का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें सभा के सभी पदाधिकारी सदस्यों व समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने फूलों की होली मनाई। इस अवसर पर भट्ट ब्राह्मण सभा की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें राजेश भारद्वाज को पुनः प्रधान, दर्शन लाल शर्मा को महासचिव, महेंद्र शर्मा को संरक्षक व राकेश कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। दर्शन शर्मा व विजेंद्र शर्मा ने आर्य भट्ट की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महेंद्र शर्मा संरक्षक, वेद कौशिक थानेदार, राममेहर शास्त्री, विनोद शर्मा, धर्मपाल शर्मा, योगेंद्र शर्मा, राकेश कौशिक, राजेश शर्मा, सुनील एमसी, धर्मेंद्र भट्ट, सुरेश भट्ट, अशोक शर्मा एवं सत्य नारायण शर्मा आदि मौजूद रहे।

**सामाजिक कार्यकर्ता माता ने रिबन काट किया जनता को समर्पित**

# उमरा में नवनिर्मित शहीद भगत सिंह पार्क का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

खेल गांव उमरा में शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस के उपलक्ष पर गांव में स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में शहीद भगत सिंह की मूर्ति का अनावरण व पार्क का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता नरेश यादव की माता लक्ष्मी देवी ने रिबन कर उद्घाटन किया।

इस दौरान नरेश यादव ने कहा कि उमरा गांव में बनाया गया पार्क ढाणा खुर्द गांव के पार्क से भी सुंदर बनाया गया है और आज इस पार्क का उनकी माता लक्ष्मी देवी द्वारा उद्घाटन कर गांव को समर्पित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उमरा गांव में बनाया गया पार्क हमारी हांसी को कांशी बनाने की मुहिम में शामिल है और हमारा काम है स्वास्थ्य स्वच्छता और संस्कार के हिसाब से गांव के लोगों का स्वास्थ्य ठीक करने में यह पार्क अच्छी भूमिका निभाएगा और इस पार्क का नाम शहीद भगत सिंह के नाम से रखने से आने वाली पीढ़ियों को संस्कार प्रदान करने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि पार्क के निर्माण में उमरा गांव के लोगों व ग्राम पंचायत का भी पूर्ण सहयोग मिला।

गांव के सरपंच विनोद मलिक ने भी पार्क के चारों ओर की सड़के बनाने तथा गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां बनाने और गांव की साफ सफाई करवाने में पूर्ण सहयोग किया। नरेश यादव ने बताया कि हांसी में हिसार चुंगी के नजदीक स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लाल पत्थर से स्कूल का मेन गेट तथा स्कूल के अंदर भी बहुत ही सुंदर पार्क बनाया जा रहा है और इसी के साथ में उमरा रोड पर बन रहे शहीद निशांत मलिक द्वार का भी निर्माण चल रहा है और यह गेट भी जल्द ही पूरा होने की कगार पर है और हम इस गेट का उद्घाटन आने वाली सभी शहीद निशांत मलिक की पुण्यतिथि 11 अगस्त 2024 को करेंगे। उन्होंने बताया कि टीम नरेश द्वारा आने वाले ले दिनों में हांसी हलके की महिलाओं को व बुजुर्गों को गंगा स्नान की यात्रा करवाने की यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। गांव में पार्क बनाए जाने पर गांव के लोगों ने नरेश यादव की आभार व्यक्त करते हुए पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान गांव उमरा के सरपंच विनोद मलिक, मास्टर बलराज सिंह मलिक, अजीत मलिक, मास्टर भरत सिंह मलिक, पूर्व सरपंच कृष्ण मलिक, सुरेंद्र शर्मा, कृष्ण फौजी, मास्टर रामनिवास मलिक, सोनू पपनेजा, अजय कुकरेजा, बंटी नागपाल, राजेंद्र सरपंच, विनोद यादव, जितेंद्र जमावड़ी, विजय ढुल, राजेश जीतपुरा व राजेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


हांसी। शहीद भगत सिंह पार्क के लोकार्पण के नरेश यादव को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करती उमरा गांव के सरपंच विनोद मलिक व गांव के गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

***गोदाम से लैपटाप और अन्य सामान चोरी:*** फतेहाबाद। टोहाना के चण्डीगढ़ रोड स्थित एक गोदाम में घुसकर दो युवक लैपटाप व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में चण्डीगढ़ रोड टोहाना निवासी संजीव कुमार ने कहा है कि उसका चण्डीगढ़-मूनक रोड पर गोदाम है।

## मनरेगा मजदूरों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नारनौंद।** डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन बास में अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच डॉ. बीआर आंबेडकर जागृत समिति की ओर से शहादत दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का शहीदी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भारत के वीर सपूतों ने हंसते-हंसते अंग्रेज सरकार के खिलाफ लड़ते हुए फांसी के फंदे को गले लगाया। आज समाज को उन शहीदों की शहादत को याद करते हुए सोचना होगा क्या हम आज भारत के शहीदों के सपनों का भारत बना पाए हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार सुलचानी ने कहा कि आज हमारा देश शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महंगाई तथा लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने में बहुत पिछड़ता नजर आ रहा है। सत्ता पर काबिज लोग भ्रष्टाचार, बेरोजगारी को रोकने में नाकाम साबित हुए हैं जातिवाद व धार्मिक भावना भड़काकर लोगों को लड़ाया जा रहा है। सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अंग्रेजों से लड़ते हुए फूट डालो राज करो के खिलाफ जो आवाज बुलंद करी और देश के नौजवानों को छात्रों को इकट्ठा करते हुए जो संघर्ष किया। अंग्रेजों को यहां से भागने पर मजबूर होना पड़ा। हमें निश्चित तौर पर शहीदों के जो नारे थे समाजवाद जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद, पूंजीवाद हो बर्बाद उनको लागू करते हुए देश की दिशा और दशा को बदलने की जरूरत है। हमें संगठित होकर अपने देश से भुखमरी, गरीबी को मिटाने के लिए सच्चे अर्थों में शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए हमें संघर्ष करना होगा। इस कार्यक्रम में राजकुमार मेट बास, सुरेंद्र कुमार मेट राजकुमार, बबलू, बशीर खान मेंबर, अनूप तवर, अनिल कुमार, राजेन्द्र नरवाल, नीलम, कविता, लाली भतेरी, ईश्वर, रामदिया, संतोष इत्यादि ने कार्यक्रम में हिस्सेदारी की।


नारनौंद। शहीदी दिवस पर शहीदों की प्रतिमा पर फूल अर्पित करते हुए मनरेगा मजदूर। फोटो : हरिभूमि

खबर संक्षेप

## रवि तारांवाली ने लौटाया 5 लाख का नोटों का हार

**कैथल।** कौन कहता है कि वर्तमान राजनीति में अधिकतर नेता लालची और स्वार्थी होते हैं क्योंकि कुछ जननेता वर्तमान में भी ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करते हैं जिसको देखकर और सुनकर कहा जा सकता है कि गरीब का बेटा भी राजनीति कर सकता है। नेता एवं अनुसूचित आयोग सदस्य हरियाणा सरकार रवि तारावाली ने गांव मलिकपुर में चुनाव के लिए 5 लाख का हार बतौर सहयोग राशि देने की कोशिश की लेकिन युवा नेता रवि तारावाली ने लौटा दिया।

## बाबा श्याम जी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**कैथल।** अशोका गार्डन कॉलोनी स्थित दुर्गा भवन मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण और बाबा श्याम जी का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सोसायटी की तरफ से मंदिर प्रांगण में विशाल कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। ज्योति प्रचण्ड जय प्रकाश गर्ग और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला रानी ने की।

## सनातनी जीवन पद्धति का अभिन्न अंग है होली

**पूंडरी।** गरूड़पुराण प्रवचन कर्ता एवं 'योतिषी पंडित मानसु शर्मा ने कहा कि होली का त्यौहार आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है, यह एक ऐसा त्योहार है जो हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले मिलते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं और एक-दूसरे को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हैं।

## प्रदेशाध्यक्ष बनने पर माजरा को दी बधाई

**पूंडरी।** गांव हजवाना निवासी युवा नेता इकबाल सिंह हजवाना ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सी.पी.एस. रामपाल माजरा की घर वापसी के पश्चात उन्हें इनेलो का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। गत दिवस रामपाल माजरा को बधाई देने के पश्चात बातचीत में इकबाल हजवाना ने कहा कि लगभग 40 साल की राजनीति में चौ. देवीलाल परिवार से जुडकर रामपाल माजरा 3 बार विधायक व मुख्य संसदीय सचिव रहे हैं। माजरा कैथल जिले में ही पूरे प्रदेश में फेमस नेता है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने सड़क हादसे का एक मामला दर्ज किया है। जनकपुरी कॉलोनी कैथल के रतन सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 20 मार्च को जब वह सोंगल गांव से गुजर रहा था तो एक अज्ञात गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया। हेड कांस्टेबल अमृतलाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करती है।

## दो सटोरिये काबू, 20390 रुपये की नकदी बरामद

**कैथल।** एसपी उपासना के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम अलग अलग मामलो मे 2 सटोरियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 20390 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना ढांड पुलिस के एएसआई बलजीत सिंह की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान करनाल रोड ढांड पर एक दुकान सामने एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहे थे।

## महिला बेटी सहित घर से लापता

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने एक महिला के बिना बताए घर से चले जाने का मामला दर्ज किया है। कसान गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 मार्च को उसकी पत्नी उसकी 9 वर्षीय बेटी के साथ बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी एएसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साधू के श्राप के कारण नहीं मनाया जाता होली का पर्व

# दुसेरपुर के ग्रामीणों को 170 सालों से होली मनाने को योग का इंतजार

जलती होली में ही छलांग लगाकर समाप्त कर ली थी बाबा राम स्नेही ने अपनी जीवनलीला। इसके बाद से गांव में नहीं मनाई जाती है होली।


**कैथल।** दुसेरपुर गांव में साधु स्नेही दास की समाधि।

राजपाल जिंदल ▶▶| गुहला-चीका

जहां पूरे देश के लोगों में होली पर्व को लेकर पूरे हर्षोल्लास का माहौल है, वही उपमंडल गुहला के गांव दुसेरपुर में सन्नाटा पसरा हुआ है।

उपमंडल गुहला के गांव दुसेरपुर में पिछले 170 वर्षो से होली का पर्व नहीं मनाया जाता। दौरा करने पर गांव के कुछ लोगों ने बताया कि लगभग 170 वर्ष से पहले उनके गांव दुसेरपुर में भी होली का त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता था। परन्तु एक दिन गांव में ऐसी घटना घटी जिसने गांव के लोगों से उनकी होली मनाने की सारी उम्र की खुशियां छीन ली। ग्रामीणों ने बताया कि जिस दिन घटना घटी उस दिन गांव के लोगों में होली मनाने के लिए हर्ष व उल्लास का माहौल था और लोगों ने मिल जुलकर एक स्थान चुन कर होलिका दहन के लिए सूखी लकड़ी, उपले व अन्य समान इकटठा करके रखा हुआ था परन्तु होलिका दहन के निश्चित समय से पहले गांव के ही कुछ युवाओं को शरारत सूझी और वे समय से पहले ही होलिका दहन करने लगे। वहां पर मौजूदा बाबा श्री राम स्नेही ने उन्हें समय से पहले होलिका दहन करने से रोकना चाहा। बाबा ठिगने कद का था जिसके चलते वहां पर मौजूदा युवा न केवल उसके ठिगनेपन का मजाक उड़ाने लगे बल्कि उन्होंने समय से पहले ही होली का दहन भी कर दिया। इस पर बाबा गुस्से से आग बबूला हो गया और उनका गुस्सा इतना बढ़ गया कि उन्होंने जलती होली में छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इतना ही नहीं बाबा ने वहीं होलिका में जलते जलते गांव के लोगों को श्राप भी दे दिया कि आज के बाद इस गांव में होली का पर्व नहीं मनाया जाएगा और यदि किसी ने होली का पर्व मनाने की हिमम्त की तो उसे इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। यह भी किदवंती है कि बाबा ने होली के दिन पहले गांव के लोगों से कोई ऐसी मांग की थी कि जिसे गांव के लोग पूरा न कर सके जिस कारण गुस्साए बाबा ने होली के दिन जलती होली में छलांग लगा दी। सच्चाई कुछ भी रही तो उक्त घटना से गांव में हड़कंप मच गया। और लोगों ने बाबा से गलती के लिए माफी मांगी परंतु बाबा ने माफी देने से इन्कार कर दिया लेकिन गांव वालों को श्राप से मुक्त होने का वरदान देते हुए बाबा ने कहा कि होली वाले दिन गांव में किसी भी ग्रामीण की गाय को बछड़ा तथा किसी भी विवाहिता को लड़का पैदा होगा तो उस दिन के बाद गांव के लोग श्राप से मुक्त हो जाएंगे।

### बाबा का मजाक उड़ाने पर मिला था श्राप

गांव के लोगों ने बताया कि यह कहकर बाबा तो परलोक सिधार गए। 170 वर्ष बीत जाने के बाद आज तक गांव में होली का पर्व नहीं मनाया गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद उसी स्थान पर बाबा की समाधि बना दी गई और लोगों ने उसकी पूजा करनी शुरू कर दी। इसके चलते अब जब भी गांव में कोई शुभ कार्य होता है तो ग्रामीण सबसे पहले बाबा की समाधि पर माथा टेकते हैं और खुशहाली की दुआ मांगते हैं।

इसे आस्था कहे या फिर अन्धविश्वास लेकिन गांव दुसेरपूर गांव के लोग पिछले 170 सालो से होली का त्योहार नहीं मना रहे। बाबा का मजाक उड़ाने पर मिले श्राप के बाद गांव में लोग आज तक होली नहीं मनाते लेकिन सवाल उठता है की क्या लोग आज भी आस्था के नाम पर अन्धविश्वासी बने रहेंगे या फिर होली का पर्व मनाएंगे।

# अव्वल रहा सरस्वती पब्लिक स्कूल रोहेडा का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


**राजौंद।** अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

सरस्वती पब्लिक स्कूल रोहेडा में वार्षिक परीक्षा परिणाम महोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में सोमदत्त शर्मा व कृष्ण जागलान ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बच्चों को अच्छे परिणाम के लिए बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि ने बच्चों को कहा कि पढ़ाई के साथ साथ स्कूल में होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने से विद्यार्थियों को खुलकर बोलने का अवसर मिलता है। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

## युवती व महिला बिना बताए घर से गायब

**कैथल।** कस्बा पुंडरी से एक 19 वर्षीय युवती के बिना बताए घर से चले जाने का मामला दर्ज किया गया है। कस्बा पूंडरी की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 मार्च को उसकी 19 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी एएसआई सुखबीर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में राजौंद पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 20 मार्च को गांव माजरा रोहेडा से उसकी 21 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। कांस्टेबल रितु देवी ने बताया जांच शुरू कर दी है

# श्री भागवत कथा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन


**सीवन।** कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

सीवन के डेरा बाबा नागा जी योगाश्रम में होने वाले संगीतमयी श्री भागवत कथा के उपलक्ष्य में रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा नगर परिक्रमा करते हुए डेरा बाबा नागा जी योगाश्रम में पहुंच कर समाप्त हुई। बैंड बाजे के साथ निकाली गई इस यात्रा में सबसे आगे कार्यक्रम के मुख्य यजमान कृष्ण गर्ग कलश लेकर चल रहे थे। कृष्ण गर्ग ने बताया कि इस विशाल संगीतमयी श्री भागवत ज्ञान गंगा समारोह का आयोजन स्वामी गिरधारी दास द्वारा अपने गुरु भाई आनंद दास की याद में विरह उत्सव के स्वरूप करवाया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्य आचार्य गिरधारी वृंदावन वाले अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को आनंदित करेंगे। यह विशाल संगीतमयी श्री भागवत ज्ञान गंगा समारोह 24 मार्च से आरंभ होगा और 31 मार्च तक चलेगा। यात्रा ने सौकड़ों लोग हुए शामिल।

# होली के रंग और संगीत की धुन के साथ कैथल पत्रकार संघ ने मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुमित गर्ग को सम्मानित करते पत्रकार।

कैथल पत्रकार संघ के द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य कार्यक्रम का आयोजन कैथल के कोयल परिसर परिसर में किया गया। इसमें कैथल पत्रकार संघ के अध्यक्ष नवीन मल्होत्रा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वही कार्यक्रम की रूपरेखा कैथल पत्रकार संघ के प्रधान सूरजमल सहारण,उप- प्रधान मनोज मालिक और महासचिव जयपाल रसूलपुर के द्वारा बनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैथल नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुमित गर्ग ने शिरकत की वही होली मिलन समारोह कार्यक्रम में मचंसंचालन कैथल पत्रकार संघ के जिला प्रवक्ता बलिन्द्र नरड़ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यस्तता की भाग- दौड़ के खबरो के कार्य के बीच में कुछ समय अपने लिए निकल जाए ताकि त्यौहार मनाने की परंपरा ज्यो की त्यो बनी रहे मंच से संबोधित करते हुए नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुमित गर्ग ने कहा कि भारत देश में प्रत्येक त्यौहार का अपना उद्देश्य है उसी प्रकार से होली जिंदगी में रंग भरने का काम करती है हमें चाहिए कि हम प्रत्येक त्यौहार को बड़ी धूमधाम से मनाये ताकि आपसी भाईचारा समानता एकता बनी रहे और हम समाज के प्रति सामाजिकता की भावना अपने अंदर जागरूक रख कर काम करते रहे। उन्होंने कैथल मीडिया की सराहना की।

# कलायत विस में रैली व होर्डिंग के स्थान निर्धारित

- कलायत विधानसभा क्षेत्र में हैं 2 लाख 12 हजार 731 मतदाता : एसडीएम सत्यवान सिंह मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए राजनीतिक दलों के लिए जनसभा, रैली, होडिंग, बैनर व पोस्टर लगाने हेतू स्थान निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कलायत विधानसभा क्षेत्र 2 लाख 12 हजार 731 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 13 हजार 34 पुरूष व 99 हजार 695 महिला मतदाता हैं। वहीं बूथ की बात करें तो विधानसभा में 209 बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें 182 गांवों में तथा 27 शहरी क्षेत्र में बनाए गए हैं, जिनकी लोकेशन 209 हैं। इन सभी बूथों पर आधारभूत जरूरतें सुनिश्चित की गई हैं।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बताया कि नगर पालिका कलायत की सीमा में बैनर होडिंर्ग के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं, जिनमें वार्ड नम्बर 8 में वननिर्मित नगर पालिका भवन तथा नव निर्मित पार्क, बस अड्डा कलायत, नगरपालिका भवन की दीवार, कपिल मुनी महिला कॉलेज से बस अड्डे के पीछे तक 40 फुटा रोड शामिल हैं।

### गांवों के अनुसार जनसभा, रैली स्थल तथा होर्डिंग के लिए स्थानों का ब्योरा

| गांव | होर्डिंग / जनसभा का स्थान | चौशाला | खेड़े वाला चौक |
|---|---|---|---|
| बालू बिढान पट्टी | सामान्य चौपाल के पास चौक | जुलानी खेड़ा | मंदिर वाला चौक |
| कलासर | स्कूल के सामन तालाब की खाली जगह | कुराड़ | पंजाब नैशनल वाला चौक |
| खेड़ी शेरखां | पंजाबी चौंक | खेड़ी लाम्बा | सामान्य चौपाल वाला चौक |
| भालंग | खेड़ी वाला चौंक | बड़सीकरी खुर्द | सामान्य चौपाल वाला चौक |
| बाता | मंदिर वाला चौंक | बड़सीकरी कलां | ब्रहामण वाला चौक |
| कैलरम | शिव मंदिर वाला चौंक | कमालपुर | काठावाली चौपाल वाला चौक |
| ढुमाड़ा | पंचायत घर के पास चौक | मटौर | देवी लाल चौक |
| बाहमनीवाल | सामान्य चौपाल वाला चौक | रामगढ़ पांडवा | सामान्य चौपाल वाला चौक |
| शिमला | तिहाई पत्ती चौक | खरक पांडवा | सेहदापत्ती चौक |
| कोलेखां | सामान्य चौपाल के पास चौक | पिंजूपुरा | गोस्वामी चौपाल वाला चौक |
| ढुंडवा | सामान्य चौपाल के पास चौक | वजीर नगर | शिवमंदिर चौक |
| हरिपुरा | सामान्य चौक | नरवलगढ़ | स्कूल वाली मेन गली का चौक |
| ढुब्बल | शिव मंदिर | बालू गादड़ा | सामान्य चौपाल के पास चौंक |
| सिनंद | कैथली व सिंह पत्ती चौक | बालू रामड़िया | ग्राम सचिवालय मंडी में |


## बाल उपवन आश्रम में धूमधाम से मनाया होली का पर्व, जमकर उड़ा गुलाल


**कैथल।** बाल उपवन आश्रम कोठी गेट कैथल में रविवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सनातन धर्म सभा के प्रधान रविभूषण गर्ग थे। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य अंजू मित्तल व प्रदीप सिंगला विशेष तौर से शामिल रहे। कार्यक्रम में सीसीआई के विद्यार्थियों ने धार्मिक भजनों पर नृत्य किया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। नौनिहालों ने गुलाल उडाया तथा एक दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई। रविभूषण गर्ग ने विद्यार्थियों को होली का महत्व बताया।

# होलिका का पूजन कर मनाई होली

- प्रहलाद भक्त के साथ-साथ भगवान विष्णु जी की भी कई गई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


**पूंडरी।** पूंडरी अनाज मंडी में होलिका की पूजा करती महिलाएं।

होली पर्व पर अनाज मंडी पूंडरी सहित आसपास के गांवों में होलिका दहन एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनाज मंडी के राजू गोयल व सुभाष गोयल आदि द्वारा सामूहिक रूप से चंदा एकत्रित कर होलिका का निर्माण किया गया, जिसका पुरा दिन मंडी निवासियों ने पूजन किया और प्रहलाद भक्त के साथ-साथ भगवान विष्णु जी की पुजा की गई। होलिका दहन में महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने भारी संख्या में भाग लिया। होलिका दहन होते ही लोगों ने होली माता की जय व भक्त प्रह्लाद की जय के उद्घोष के नारे लगाए। लोगों ने होलिका दहन में जौ की बालियां भूनी तथा एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाइयां दी। उधर क्षेत्र के गांव म्यौली, फतेहपुर, पूंडरी, टयोंठा, रसीना, सांच, बुच्ची, दुसैन, हाबड़ी, सिरसल, बदनारा, बरसाना, डीग, बाकल व रमाणा में भी होलिका बनाकर पूजा अर्चना की।

# होली पर्व पर जमकर उड़ा गुलाल, होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

होली हिंदुओं का प्रसिद्ध पर्व है। यह फाल्गुन माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन लोग लकड़ी की होलिका बनाकर जलाते है। रविवार को होलिका दहन किया गया। इसके लिए पिछले कई दिनों से उपलों व लकड़ियों से होलिका बनाने की तैयारियां शुरू हो गई थी। शाम को होलिका दहन किया गया। जिसमें महिलाओं ने अपने बच्चों के गले में बेर, पतासे, छुवारे की कंठी बनाकर होली का पर्व मनाया। सांय के समय होलिका दहन कर अपने घर की सुख शांति की कामना की। जहां प्राचीन काल से सभी पर्व देश की एकता व अखंडता के लिए अपनी अहमियत को सार्थक सिद्ध करते आ रहे हैं, वहीं रंगों का त्यौहार समाज में आपसी भाईचारा व प्रेम की भावना को बढ़ाने में काफी हद तक सहायक सिद्ध हो रहा है। कई लोगों ने इस त्यौहार को तिलक होली के रूप में भी मनाने का निर्णय लिया है। उधर रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजारों में चहल पहल पूरे यौवन पर देखी गई। रंग बिरंगी पिचकारियों व गुलाल से सजी दुकानें हर एक को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। होली को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

**संबोधन** सिरसल में होली मिलन समारोह आयोजित कर हुए कार्यकर्ताओं से रूबरू

# पूंडरी के विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए : नरेंद्र शर्मा

जनसभा में हलका भर के गांवों से हजारों लोगों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** गांव सिरसल में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री नरेंद्र शर्मा।

पूर्व सिंचाई मंत्री नरेंद्र शर्मा ने कहा कि पूंडरी हलके की सड़कों में खड्डे. है, लाइटें जलती नहीं, विकास कार्य के नाम पर जो कार्य शुरू हुए, वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए और अधूरे पड़े हुए है। शर्मा गांव सिरसल में आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम के तहत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में हलका भर के गांवों से हजारों लोगों ने भाग लिया। भीड़ से गदगद पूर्व मंत्री ने अपने शासनकाल के कायोर्ं की तुलना वर्तमान विधायक के कायोर्ं से करते हुए कहा कि उस समय किसी अधिकारी की हिम्मत नहीं होती थी कि किसी भी विभाग में पैसे लेकर कार्य करता हो, आज हर विभाग में बगैर पैसे के कार्य नहीं होते है। हलके का विकास करवाने के बजाए विधायक अपना विकास करने में लगे हुए है। शर्मा ने कहा कि आज अस्पतालों में डाक्टर और दवाई नहीं, स्कूलों में शिक्षा और अध्यापक नहीं, जिन गांवों में स्ट्रीट लाइटें लगवाकर जगमग होने की बात की जाती है, उनमें से आधी जलती नहीं है। अधिकारियों को खुलेआम छूट है कि वे जनता के कार्य करने की बजाए उन्हें अनावश्यक तौर पर परेशान करें। 1996 से लेकर 2000 तक जब वे सरकार का हिस्सा रहे तो उस समय विकास कायोर्ं के लिए सरकार के पैसे ग्रांट देने के लिए इतने पैसे नहीं होते थे, लेकिन आज के समय में सरकार के पास इतने पैसे है कि कार्य ही नहीं होते है। सरकार ग्रांट खूब देती है, लेकिन जिस कार्य के लिए आती है, वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे है। उन्होंने उस समय में भी बिना खर्ची व पर्ची के युवाओं को नौकरी देने का काम किया था। एक बार हलके की जनता उन्हें भी मौका देती है तो वे राजनीति के मायने ही बदल देंगे और दिखा देंगे कि विकास कार्य व सत्ता होती क्या है।

# विद्युत चलित चाक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

- प्रशिक्षण शिविर में कुम्हार समाज के लोगों को बर्तन बनाने का प्रशिक्षण दो मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

वार्ड नंबर 10 में ग्राम विकास योजना कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्युत चलित चाक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण शिविर में कुम्हार समाज के लोगों को बर्तन बनाने का प्रशिक्षण दो मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित किया। इस दौरान ज्योति ग्रामीण विकास मंडल के प्रधान फूलकुमार कादियान ने बताया कि खादी ग्रामोंउद्योग आयोग अंबाला के सौजन्य से प्रशिक्षण शिविर का कार्यक्रम ज्योति ग्रामीण विकास मंडल जाखौली द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इसमें 40 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के लिए दो मास्टर ट्रेनरों द्वारा विद्युत चलित चक्कर पर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ विद्युत चलित चक्कर मशीन भी मुफ्त में वितरित की गई।